**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 27.05.2024** **समय 18.30**

- **प्रदेश में प्रचण्ड गर्मी और लू का दौर जारी–फलौदी में लगातार तीसरे दिन पारा 49 डिग्री सेल्सियस से उपर दर्ज किया गया।**
- **राज्य में अगले दो दिन भी लू और तेज गर्मी की चेतावनी –चिकित्सा विभाग हाई अलर्ट मोड पर।**
- **मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज प्रदेश में लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की।**
- **उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने देश में फिटनेस संस्कृति विकसित करने पर जोर दिया।**

000

प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। दिन–रात लू और आसमान से बरस रही आग ने सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात पैदा कर दिये हैं। नौतपा के तीसरे दिन आज भी प्रदेशभर में मानो अंगारे बरस रहे हैं। श्रीगंगानगर में नौतपा में गर्मी के तेवर और तीखे हो गये हैं। सुबह 10:00 बजे के बाद लोग बहुज जरूरी काम से ही घरों से निकल रहे हैं। टोंक में भीषण गर्मी के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उधर चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में गर्मी दिनों दिन और प्रचण्ड होती जा रही है।

..............................

जोधपुर में भी गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा है। ग्रामीण इलाके में आज खेत में सफाई करते हुए गर्मी के कारण जेसीबी का इंजन जल गया। बूंदी में लू से आमजन के साथ पशु–पक्षी भी परेशान हो रहे हैं। जैसलमेर जिले में भीषण गर्मी के बावजूद सरहद की रक्षा में जुटे सीमा सुरक्षा बल ने सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। बल की 191वीं वाहिनी द्वारा आमजन और राहीगीरों को ठण्डा पानी, नीबू पानी और शर्बत पिलाया जा रहा है। बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय मरू उद्यान में वन्य जीव भी खासे व्याकुल दिखाई दे रहे हैं। वहीं सड़कों पर पानी का छिड़काव करने प्याऊ लगाने, पशुओं के लिए खेलियां भरने और पक्षियों के लिए परिंडे लगाने समेत कई जतन प्रशासन की ओर से किये जा रहे हैं। दूसरी तरफ जिले के ग्रामीण इलाकों में टैंकरों से निःशुल्क जल आपूर्ति की जा रही है। जयपुर में तेज धूप और गर्मी की वजह से पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या घटने के मद्दे नजर स्मारकों पर पानी की बौछारों से उन्हें ठंडा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यटकों के लिए पर्याप्त छाया और पेयजल की भी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। हवामहल और जंतर–मंतर परिसर में भी पानी का छिड़काव किया गया है। उधर सिरोही में भीषण गर्मी है, लेकिन माउंट आबू में मौसम ठीक होने के कारण वहां पर्यटक पहुंच रहे हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिन तीव्र हीटवेव और ऊष्णरात्रि का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 16 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, कल 10 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट रहेगा। साथ ही 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार हीटवेव का असर दो दिन और जारी रहेगा। आगामी 24 घंटों में राज्य में अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। राज्य में चल रहा तीव्र हीटवेव तथा ऊष्णरात्रि का दौर आगामी 2–3 दिन जारी रहने की प्रबल संभावना है। वहीं, आगामी 72 घंटों के दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। 29 मई से पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में तथा 30 मई से पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में अधिकतम तापमान में 2–3 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने के आसार हैं।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गर्मी और लू को लेकर चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जयपुर के स्वास्थ्य भवन में समीक्षा बैठक में श्री खींवसर ने चिकित्सकों और चिकित्सा कार्मिकों को बढते मरीजों की सेवा करने के निर्देश दिये। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग हाई अलर्ट पर है। सभी चिकित्सा कार्मिकों के अवकाश निरस्त कर दिये गये हैं। सभी चिकित्सा अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है तथा कई भामाशाह भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं।

..................

इस बीच चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने जयपुर के जयपुरिया अस्पताल में लू और तापघात के मरीजों के उपचार के लिये की गई व्यवस्टों का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिये सभी एहतियाती उपाय करने की अपी की है।

000

सांचौर जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बागोड़ा में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन की दैनिक जरूरतों से जुड़ी शिकायतों को सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को क्षेत्र में हीट वेव की स्थिति को देखकर स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित चिकित्सीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजस्थान में मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों और बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि मतदान की तरह मतगणना के दौरान भी निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों की पालना की जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बैठक में बताया कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार राजस्थान में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पर्याप्त संख्या में मतगणना कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर उनको प्रशिक्षित किया जा चुका है। श्री गुप्ता ने बताया कि मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में शनिवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की गई है। राजनैतिक दलों से अपने–अपने काउंटिंग एजेंट्स की सूचियां 31 मई तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में आवश्यक रूप से देने को कहा गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मतगणना के लिए 3,550 माइक्रो ऑब्जर्वर और 1,200 एआरओ नियुक्त किये गये हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा कुल 56 मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। मतगणना प्रक्रिया की 360 डिग्री वीडियोग्राफी करायी जायेगी। मतगणना के दिन को पूरे राज्य में सूखा दिवस घोषित किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य के 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 29 केंद्रों पर मतगणना होगी। जोधपुर लोकसभा क्षेत्र, नागौर लोकसभा क्षेत्र, करौली– धौलपुर लोकसभा क्षेत्र और गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में दो–दो मतगणना केंद्र होंगे। जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के जोधपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 13 राउंड और राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के मेड़ता विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 28 राउंड की मतगणना होगी। लोकसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार, सबसे कम 20 राउंड टोंक–सवाई माधोपुर और सबसे अधिक 28 राउंड राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में होंगे। श्री गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी 29 मतगणना केन्द्रों पर कूलिंग की समुचित व्यवस्था और पूरे मतगणना स्थल पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा कि देश में फिटनेस संस्कृति विकसित किये जाने की आवश्यकता है, ताकि देशवासी स्वस्थ और फिट रह सके। आज बैंगलूरू में आईसीएमआर के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश की परम्परागत इलाज पद्धतियों पर ध्यान केन्द्रित कर उन्हें सहेजा जाना चाहिये। श्री धनखड ने कहा कि देशभर में पंचायत स्तर पर औषधीय पौधों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने वहां मौजूद छात्रों का आह्वान किया कि वे हमेशा समाज हित के कार्यों के लिये तैयार रहें।

000

राज्य सरकार ने वरिष्ठ आई.एफ.एस अभिजीत बनर्जी को पदोन्नति देते हुए राज्य का प्रधान मुख्य वन संरक्षक नियुक्त करने के आदेश जारी किये हैं। श्री बनर्जी प्रधान मुख्य वन संरक्षक मुनीश गर्ग का स्थान लेंगे जो 31 मई को सेवानिवृत हो रहे हैं।

000

सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पात्र लाभार्थियों को ई–केवाईसी करवाना अनिवार्य हो गया है। निर्णय की अनुपालना में जिला जयपुर ग्रामीण के लगभग 6 लाख लाख से अधिक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित पात्र परिवारों को राशन के गेहूं लेने के लिए 30 जून तक ई–केवाईसी करानी होगी। जयपुर ग्रामीण की जिला रसद अधिकारी अनुराधा गोगिया ने बताया कि जयपुर ग्रामीण जिले में करीब 6 लाख 140 हजार परिवार योजना से जुड़े हैं। इन परिवारों के 24 लाख 98 हजार सदस्यों की ई–केवाईसी होनी है। जिले की 1 हजार 168 राशन दुकानों के डीलर इन लाभार्थियों की ई–केवाईसी करेगें। ये कार्य 30 जून तक पूरा किया जाना है।

000

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आज प्रदेश कांग्रेस की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जयपुर में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। टोंक में विचार गोष्ठी हुई। अजमेर में पण्डित नेहरू की प्रतिमा पर कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष और अन्य सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया गया।

000

प्रदेश के ट्रांसजेंडर समुदाय को राजस्थान की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल किया गया है। जिसके बाद आज जयपुर जिला कलक्ट्रेट परिसर में ट्रांसजेंडर नूर शेखावत को अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र जारी किया गया। उपखण्ड अधिकारी, जयपुर प्रथम राजेश जाखड़ ने नूर शेखावत को प्रमाण पत्र सौंपा। श्री जाखड़ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ट्रांसजेंडर को अन्य पिछड़ा वर्ग केटेगरी के 92 नंबर पर शामिल किया गया है जिसके बाद अब ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग अपना पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र नियमानुसार बनावा सकते हैं।

000

प्रदेश में मिलावट के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में आज जयपुर के सरना डूंगर में एक फर्म के परिसर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लगभग 3500 लीटर सरसों तेल और 12 हज़ार 400 लीटर मूंगफली तेल अमानक खाद्य श्रेणी का होने के संदेह के आधार पर सीज किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां कई खामियां पाई। एक ही परिसर में एक ही तरह के तेल को अलग अलग ब्रांड के नाम से पैक किया जा रहा था।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर महीने की 9, 18 और 27 तारीख को मनाए जाने वाले प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस पर आज झुंझुनूं के 140 सरकारी अस्पतालों में कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पतालों तक गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच कर उन्हें मुफ्त परामर्श और उपचार दिया गया। जिला मुख्यालय पर स्थित जिले के सबसे बड़े राजकीय जिला बीडीके अस्पताल की जनाना विंग में स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ की अगुवाई में विशेष शिविर लगाया गया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत अब गर्भवती महिलाओं में हेपेटाइटिस की भी स्क्रीनिंग की गई। जो महिलाएं पॉजिटिव मिली, उनका उपचार शुरू किया गया।

000